वर्ष-15, अंक-157
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**

खुद को एक सोने के सिक्के जैसा बनाइये, जो कि अगर नाली में भी गिर जाए तो भी उसकी क़ीमत कम नहीं होती है..!!

# बिहार सिटी चीफ



CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM
बिहार, बुधवार 11 सितम्बर 2024
सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

### देशद्रोह का काम कर रहे राहुल गांधी

## बोले ऋतुराज सिन्हा..देश के मान सम्मान को विदेश जाकर कर रहे तार-तार

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना, भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने विदेश में दिए राहुल गांधी के उस बयान की कड़े शब्दों में निंदा की है जिसमे उन्होंने अमेरिका में जाकर भारत में हुए लोकसभा चुनाव या अन्य आंतरिक मामलों पर सवाल उठाया है। ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि राहुल गांधी की आदत बन गई है कि जब भी विदेश जायेंगे तो देश की निंदा करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर आपको इतना भी ज्ञान नहीं है कि कब कहा और क्या बोलना और करना चाहिए तो कम से कम अपने पिता स्व. राजीव गांधी से सीखते। कैसे वे पक्ष और विपक्ष के लोगों का सम्मान देते थे। विपक्ष में रहते हुए अटल जी को विदेश में देश के प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेवारी देते थे। पर लगता है कि आपने सही ढंग से कोचिंग नहीं ली है। तभी तो अहंकार में रहकर जाने अंजाने देश के मान सम्मान को बार-बार विदेश जाकर तार-तार कर रहे है । राहुल जी इससे आप देश की जनता के नजर में हितैषी नहीं बल्कि देशद्रोही बन रहे है ।



ऋतुराज सिन्हा ने आज से शुरू हुई तेजस्वी यादव की यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कि यह बहुत ही अच्छी बात है कि तेजस्वी जी जनता से रूबरू हो रहे है, उन्हे होना भी चाहिए पर उन्हें जनता को यह भी बताना चाहिए कि वे उनके साथ खड़े है जो अपने देश का अपमान विदेशो में जाकर कर रहे है।

उन्होंने कहा कि एक तरफ भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी अमेरिका या किसी अन्य विदेश यात्रा पर जाते है तो हर भारतवासी का सीना 56 इंच का हो जाता है वही, दूसरी तरफ राहुल जी जब जब विदेश जाते है तो अपनी बयानबाजी से देशवासियों के सर को झुकाने का काम करते है। इसलिए सावधान हो जाइए क्योंकि इस देश की जनता को बहुत अच्छी तरह पता है कि उन्हें किसकी बात सुनकर किसका साथ देना है।

### टीचर पर 20 रूपया मांगने का आरोप

## पैसे दो बैग लो: सरकारी स्कूल में छात्रों से अवैध वसूली

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

बेतिया, बेतिया के राजकीय मध्य विद्यालय डुमरी महानवा स्कूल के छात्र छात्राओं ने जमकर हंगामा मचाया। मामला बेतिया के मझौलिया से हैं जहां बिहार शिक्षा परियोजना परिषद शिक्षा विभाग बिहार सरकार द्वारा छात्रों को नि:शुल्क दिए जानें वाले स्कूल बैग एवं पाठ्य सामग्री वितरण में राजकीय मध्य विद्यालय डुमरी महानवा के छात्रों से अवैध वसूली जारी है। बैग के लिए प्रति छात्र 20-20 रुपये की मांग की गयी। इसे लेकर ग्रामीणों एवं छात्रों ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया।

छात्र -छात्राओं ने बताया कि स्कूल बैग देने के नाम पर शिक्षक धर्मेन्द्र सिंह, जंगबहादुर पटेल द्वारा अवैध वसूली की गई। छात्राओं ने आरोप लगाया कि जिसने नजराना नही दिया4 उसको निशुल्क स्कूल बैग नहीं दिया गया। इस अवैध वसूली में प्रधानाध्यापक प्रतिमा देवी को भी शामिल है।



सूचना पाकर विद्यालय में पहुंचे मुखिया पुत्र उपेन्द्र कुमार ने आक्रोशित ग्रामीणों एवं छात्रों को शांत कराया।तथा प्रधानाध्यापक प्रतिमा देवी और शिक्षक धर्मेंद्र सिंह को शिक्षक धर्म के मर्यादा का पालन करने तथा अवैध वसूली पर रोक लगाने की बात कही। उन्होंने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषियों पर आवश्यक कार्यवाई करने की मांग की।

बताते चलें कि शिक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा छात्र छात्राओं एवं ग्रामीणों को डरा धमकाकर विद्यालय से भगाने का प्रयास किया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हफ्फिजुल रहमान ने बताया कि घटना की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी

### *VIP* के *IT* सेल पदाधिकारियों की मोतिहारी में महत्वपूर्ण बैठक

## तकनीक के बेहतर उपयोग को बढ़ाने पर जोर

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

मोतिहारी, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) आईटी सेल पदाधिकारियों की आज एक महत्वपूर्ण बैठक मोतिहारी के ड्डूस वाटिका होटल में आयोजित की गई। इस बैठक में पार्टी के कई बड़े नेताओं ने शिरकत की। बैठक में डिजिटल सेना को सशक्त बनाने के लिए तकनीकी ज्ञान और नई रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लकी ड्रॉ कूपन के माध्यम से उपहार स्वरूप मोबाइल फोन वितरित किए गए, ताकि वे डिजिटल तकनीक का बेहतर उपयोग कर सकें और अपने कौशल को विकसित कर सकें।




बैठक में वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि आज सभी राजनीतिक दलों के लिए सोशल मीडिया महत्वपूर्ण हो गया है, ऐसे में हमे भी पार्टी को डिजिटल रूप से और सशक्त बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगले विधानसभा चुनाव में वीआईपी पार्टी सोशल मीडिया को प्रमुख हथियार बनाएगी इसके लिए अभी से ही तैयारी शुरू करनी होगी। उन्होंने कहा कि वीआईपी के जो भी सदस्य विभिन्न सोशल नेटवर्किंग साइट पर अपना अकाउंट नहीं बनाए हैं वे भी इस पर अकाउंट बना लें और पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुँचाने में इसका इस्तेमाल करें।

इधर, वीआईपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता देव ज्योति ने कहा कि वीआईपी के आईटी सेल पदाधिकारियों की बैठक प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित की जाएगी, जिसकी शुरुआत आज मोतिहारी से की गई है। उन्होंने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य सोशल साइट पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता को बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि कई जिलों की बैठकों में पार्टी प्रमुख और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी खुद उपस्थित रहेंगे।

### मोतिहारी में मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा

## हथियार और कारतूस के साथ 5 अपराधी गिरफ्तार

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

मोतिहारी, मोतिहारी पुलिस ने मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। पुलिस ने पांच अपराधियों को 6 देसी पिस्टल और 73 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। मिनी गन फैक्ट्री में इस्तेमाल होने वाले उपकरण को भी बरामद किया गया है।

मोतिहारी पुलिस नगर थाना इलाके में वाहन जांच कर रही थी। इसी दौरान तीन युवक को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से चाकू और ऑटोमेटिक पिस्टल बरामद किया गया। जिससे पूछताछ की गयी। इस दौरान दोनों ने बताया कि कोटवा,गोविंदगंज और चकिया इलाके में मिनी गन फैक्ट्री का संचालन हो रहा है। जहां देसी पिस्टल, कारतूस और अवैध हथियार बनाया जाता है।



दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने छापेमारी कर मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया। इस बात की जानकारी मोतिहारी के अपर पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने दी है। बताया कि मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा किया गया है और इस दौरान पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। यहां से बने हथियार को ये लोग दूसरे जिलों में सप्लाई करते थे। इस गोरखधंधे में कौन-कौन लोग शामिल है इसका पता लगाने में पुलिस जुटी है। फिलहाल गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ की जा रही है।

## आठ दिन बाद तालाब से मिली महिला की लाश सुबह घर निकली थी, वापस नहीं लौटी

पिछले तीन सितंबर से गायब महिला का शव गांव के तालाब से बरामद हुआ है। शव मिलने की सूचना गांव में आग की तरह फैल गई। देखते ही देखते शव को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। स्थानीय पंचायत समिति सदस्य नीरज साह द्वारा स्थानीय मशरक थाने की पुलिस को सूचना देकर बुलाया गया। पुलिस की मौजूदगी में ग्रामीणों द्वारा तालाब से शव को बाहर निकाला गया। शव की पहचान मशरक थाना क्षेत्र के कर्ण कुदरिया गांव निवासी अवकाश प्राप्त शिक्षक स्व रामचन्द्र प्रसाद के 64 वर्षीय पत्नी शांति कुंवर के रूप में हुई।

**तालाब में शव देख शोर गुल करने लगे**

बताया जा रहा है कि सुबह में गांव के ग्रामीण शौच करने गए हुए थे, तभी तालाब में शव देख शोर गुल करने लगे। उसके बाद गांव के सैकड़ों लोग जुट गए। ग्रामीणों की मानें तो शांति कुंवर के घर से लगभग एक किलोमीटर दूर यह तालाब है। जहां शव मिला है। हालांकि, पंचनामा की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुलिस ने मृत महिला का शव परिजनों को सौंप दिया है।मशरक थाना क्षेत्र अंतर्गत कर्ण कुदरिया गांव निवासी रामचन्द्र प्रसाद के पुत्र ब्रजेश कुमार प्रसाद ने मशरक थाना पुलिस को एक आवेदन दिया था। इसमें नौ सितंबर को वृद्ध महिला के घर नही पहुंचने के बाद पुत्र द्वारा पुलिस से बरामदगी की गुहार लगाई गई थी।



मशरक थाने को दिए आवेदन में कहा गया था कि उनकी 64 वर्षीय मां शांति कुंवर घर से सुबह चार बजे शौच करने को निकली थी, जो काफी देर बाद भी घर नहीं आई तब जाकर खोज बीन शुरू की गई। सगे-संबंधियों के यहां भी खोजबीन करने तथा लाउड स्पीकर से भी आस पास के गांव में प्रचार प्रसार कराने के बावजूद भी कोई अता-पता नहीं चल सका था। तब थाने में जाकर आवेदन दिया गया है। पुलिस को दिए आवेदन में कहा गया है कि मेरी मां लगभग चार बजे सुबह में खेत में शौच जाने की बात कहकर निकली थी जो वापस घर नहीं पहूंची तो हम सब लोग इधर उधर खोजबीन किए लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। आज उसकी लाश मिलने से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

### भोजपुर में ट्रिपल मर्डर

## शख्स ने पत्नी और दो बच्चों को खंती से काट डाला

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

आरा, आरा में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. सनकी पति ने पत्नी और मासूम दो बच्चों की निर्मम तरीके से हत्या कर दी है. मामला अजीमाबाद थाना क्षेत्र के मिल्की गांव का है. जहां मंगलवार को सनकी पति ने पत्नी से झगड़ा के बाद गुस्से में आकर खंती से पत्नी, बेटी व दुधमुंहे बेटे को काट डाला. मृतकों की शिनाख्त मिल्की गांव निवासी 35 वर्षीया पत्नी सीमा देवी, 8 वर्षीया सौम्या कुमारी एवं 10 माह के दुधमुंहे बच्चे दीदवंत कुमार के रूप में हुई है. इस वारदात को सीमा देवी के पति लालू यादव ने अंजाम दिया है. वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी लालू यादव भागने की घर से फरार हो गया. घटना को लेकर गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है. इसके बाद ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना स्थानीय थाना को दी गई. सूचना मिलते ही पीरो एसडीपीओ राहुल कुमार सिंह एवं अजीमाबाद थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए.



### मेंटोर वाटिका कोचिंग सेंटर में फायरिंग: पिस्टल लेकर पहुंचा था 10वीं का छात्र

## क्लास खत्म होते ही कर दिया फायर; गोली लगने से छात्रा घायल



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

मुजफ्फरपुर, मुजफ्फरपुर में स्कूली छात्र हथियारों से खिलौनों की तरह खेल रहे हैं। यहां एक निजी कोचिंग संस्थान में एक छात्र लोडेड पिस्टल लेकर पहुंच गया और मजाक-मजाक में एक छात्रा को गोली मार दी।

छात्रा को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सकरा थाना क्षेत्र के सुस्ता चौक पुरानी सब्जी मंडी स्थित मेंटोर वाटिका कोचिंग सेंटर की है।

जानकारी के मुताबिक, मेंटोर वाटिका कोचिंग सेंटर में दसवीं कक्षा की पढ़ाई चल रही थी। कक्षा का ही एक छात्र घर से लोडेड पिस्टल लेकर पहुंच गया था। जैसे ही क्लास खत्म हुई और बच्चे जाने की तैयारी में थे, तभी हंसी मजाक में छात्र ने अपने बैग से पिस्टल निकाल लिया और गोली चला दी। गोली वहां मौजूद छात्रा को लग गई और छात्रा बेहोश होकर गिर गई।

इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। कोचिंग के अन्य बच्चे जान बचाकर भागने लगे। छात्रा को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोली छात्रा के कमर के पास लगी है। छात्रा ने बताया कि जिस लड़के ने गोली मारी वह उसके गांव का ही रहने वाला है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कोचिंग संस्थान के छात्र के पास पिस्टल कहां से आया। सकरा थाना के थानेदार राजू कुमार पाल ने बताया कि घटना के बाद आरोपित छात्र फरार हो गया है। पुलिस की टीम कार्रवाई में जुटी है जल्द ही उसकी गिरफ्तारी होगी।